पंजाब केसरी

Date-07.04.2026

# सी.आर.एस.यू. में बने डॉ. भीमराव आम्बेडकर पुस्तकालय का उद्घाटन

जींद, 6 अप्रैल (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बने डॉ. भीमराव आम्बेडकर पुस्तकालय का सोमवार को जींद धन्यवाद रैली में पहुंचे सी.एम. नायब सैनी ने उद्घाटन किया।

इस मौके पर डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, सी.आर.एस.यू. के वी.सी. प्रो. डॉ. राम पाल सैनी तथा कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह पुस्तकालय 56 करोड़ 36 लाख की लागत से निर्मित किया गया है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह पुस्तकालय केवल एक इमारत नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का सशक्त आधार है, जो उन्हें आधुनिक संसाधनों के माध्यम से ज्ञान और शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आधुनिक लाइब्रेरी विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी तथा राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।



सी.आर.एस.यू. में बने पुस्तकालय का उद्घाटन करते सी.एम.।

वहीं कुलगुरु ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह बहुमंजिला पुस्तकालय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे को और अधिक मजबूत करेगा तथा विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए 24×7 अध्ययन और अनुसंधान का अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराएगा।

उन्होंने बताया कि यह लाइब्रेरी विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर पारंपरिक एवं डिजिटल दोनों प्रकार के अध्ययन संसाधन उपलब्ध होंगे, जिससे उनके ज्ञान और कौशल का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह सुविधा विद्यार्थियों को शोध, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी में विशेष रूप से सहायक सिद्ध होगी।

डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि इस प्रकार की विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदेश के युवाओं को प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह बहुमंजिला पुस्तकालय विश्वविद्यालय में ज्ञान, अध्ययन और अनुसंधान का एक सशक्त केंद्र बनने जा रहा है, जो न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को नई दिशा देगा, बल्कि समग्र रूप से विश्वविद्यालय के शिक्षण, अधिगम और अनुसंधान वातावरण को भी समृद्ध करेगा।

इस विश्वविद्यालय पुस्तकालय के निर्माण कार्य को एन.बी.सी.सी., जो कि भारत सरकार का एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सी.पी.एस.ई.) है, द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस अवसर पर एस.डी.ओ. ललित कुमार और एन.बी.सी. से डॉ. ललित खनका डिप्टी जनरल मैनेजर, मुकेश ताले चीफ जनरल मैनेजर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**Date-07.04.2026**

# सीआरएसयू में 56.3 करोड़ की आधुनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन, दो हजार से अधिक के बैठने के प्रबंध

## डिजिटल व पारंपरिक संसाधनों से लैस, शोध को मिलेगा बढ़ावा

जींद(जुलाना), 6 अप्रैल (हप्र)

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) में 56 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से बनी डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय का रविवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उद्घाटन किया। इस मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, कुलपति प्रो. रामपाल सैनी और रजिस्ट्रार प्रो. सीमा गुप्ता मौजूद रहे। कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि यह बहुमंजिला पुस्तकालय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करेगा और विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों को बेहतर अध्ययन वातावरण प्रदान करेगा। यहां पारंपरिक और डिजिटल दोनों प्रकार के संसाधन एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे।

पुस्तकालय के रीडिंग रूम में 2000 से अधिक विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था है। शोधार्थियों व फैकल्टी के लिए अलग अध्ययन कक्ष बनाए गए हैं। भवन पूरी तरह वातानुकूलित है और इसमें सीसीटीवी निगरानी, आरएफआईडी आधारित ऑटोमेशन सिस्टम तथा बिजली बैकअप की सुविधा दी गई है। इसके अलावा ई-लाइब्रेरी ऐप और 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' जैसी डिजिटल सेवाएं विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तक आसान पहुंच प्रदान करेंगी।

## अत्याधुनिक मोबाइल मेडिकल बस का अनावरण

रोहतक (निस) : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एलपीएस बोसार्ड द्वारा समाज को समर्पित अत्याधुनिक मोबाइल मेडिकल बस का अनावरण किया और समाजहित में बोसार्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों की जमकर सराहना भी की। एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने बताया कि यह मोबाइल बस पूर्णत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें दंत चिकित्सा के लिए दो डेंटल चेयरर्स, पोर्टेबल एक्स-रे मशीन सहित सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। साथ ही ईएनटी एवं त्वचा रोगों की जांच एवं उपचार के लिए उन्नत चिकित्सा उपकरण भी लगाए गए हैं। इस मोबइल बस के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे और वरिष्ठ चिकित्सक लोगों की उनके घर के निकट ही जांच कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाएंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, राज्यसभा रामचन्द्र जांगडा, अजय बंसल, डॉ. मनु राठी, डॉ. मंजुनाथ, डॉ. हरनीत सिंह, डॉ. दीपांशी, डॉ. सम्पदा मुंजाल, डॉ. हर्षदीप, राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल चंदर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



रोहतक में मोबाइल मेडिकल बस का अवलोकन करते सीएम सैनी। -निस

**Date-07.04.2026**

**कार्यक्रम** सीआरएसयू में 56.36 करोड़ रुपये से बने डॉ. बीआर पुस्तकालय का सीएम ने किया उद्घाटन

# पुस्तकालय विद्यार्थियों के भविष्य की नींवः नायब सैनी

**दलेर सिंह**

**जींद (जगमार्ग न्यूज)।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) में 56 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित अत्याधुनिक डॉ. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन गत दिवस मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मिड्ढा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामपाल सैनी तथा कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तकालय केवल एक इमारत नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का सशक्त आधार है। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित यह केंद्र




विद्यार्थियों को ज्ञान और शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा तथा उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता के लिए प्रेरित करेगा। सोमवार को यह जानकारी देते हुए सीआरएसयू के कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि यह बहुमंजिला पुस्तकालय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करेगा। यहां विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए 24 घंटे सातों दिन अध्ययन और अनुसंधान का अनुकूल वातावरण उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि इस सुविधा से विद्यार्थियों को पारंपरिक और डिजिटल दोनों प्रकार के अध्ययन संसाधन एक ही स्थान पर मिलेंगे, जिससे उनके ज्ञान और कौशल का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने बताया कि यह आधुनिक पुस्तकालय अनेक उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें 24 घंटे खुला रहने वाला वाचन कक्ष, 2000 से अधिक विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता, शोधार्थियों और प्राध्यापकों के लिए अलग अध्ययन कक्ष, पूर्णतः वातानुकूलित भवन, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान आधारित पुस्तकालय स्वचालन प्रणाली तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए बैकअप सुविधा उपलब्ध है।

डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि इस प्रकार की विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदेश के युवाओं को प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

दैनिक जागरण

Date-07.04.2026

# डा. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय का उद्घाटन

जागरण संवाददाता ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में 5 अप्रैल को 56 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक डा. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा द्वारा किया गया।



सीआरएसयू में पांच अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय का उद्घाटन करते सीएम नायब सैनी व डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। ● सौजन्य सीआरएसयू

कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने बताया कि यह बहुमंजिला पुस्तकालय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करेगा। यह विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए अध्ययन और अनुसंधान का अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। पुस्तकालय में पारंपरिक और डिजिटल अध्ययन संसाधन उपलब्ध होंगे। पुस्तकालय में रीडिंग हाल, 2000 से अधिक विद्यार्थियों की बैठने की क्षमता होगी।

अमर उजाला
Date-07.04.2026

# लाइब्रेरी में 2000 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने बताया कि सीएम ने नायब सिंह सैनी ने विश्वविद्यालय परिसर में 56 करोड़ 36 लाख की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक डॉ. भीमराव आंबेडकर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह बहुमंजिला लाइब्रेरी पूरी तरह वातानुकूलित है और 2000 से अधिक विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था है। शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए यहां पृथक अध्ययन कक्ष बनाए गए हैं। डिजिटल युग की जरूरतों को देखते हुए ऑटोमेशन सिस्टम, ई-लाइब्रेरी एप और वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं जिससे छात्र घर बैठे भी ई-संसाधनों का लाभ उठा सकेंगे। इस लाइब्रेरी में इंटरनेट लैब, थीसिस सेक्शन और बेसमेंट में विशाल पार्किंग की व्यवस्था है। सुरक्षा के लिए पूरा भवन सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा। डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि यह केंद्र शोध और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। संवाद